पाक और पंजाब बॉर्डर इलाके में चौकसी बढ़ाई

श्रीगंगानगर । पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई की ओर से लगातार इंटरनेशनल बॉर्डर पर अशांति फैलाने की गतिविधियों को रोकने के लिए निगरानी बढ़ाई जा रही है। इंटरनेशनल व पंजाब स्टेट बॉर्डर के थाने हिंदुमलकोट में आरएसी की एक प्लाटून को विशेष निगरानी के लिए तैनात किया गया है। यहां भेजे गए 25 आरएसी जवानों के जाब्ते से पंजाब बॉर्डर के तीन संपर्क रास्तों को सील किया गया है। कोनी चौकी में 5 जवानों को भेजा गया है ताकि वहां पर गश्त और निगरानी मजबूत हो सके।

पंजाब राज्य सीमा के गंगनहर के खखां, कोठां और पंजाबा पुळ पर आरएसी के हथियारबंद जवानों को तैनात किया गया है। ये जवान 8-8 घंटे के रोस्टर में 24 घंटे लगातार निगरानी करेंगे। पंजाब की तरफ से आने वाले हर वाहन तथा चालक का रिकॉर्ड रखा जा रहा है। वाहनों की गहनता से तलाशी ली जा रही है ताकि मादक पदार्थ, हथियार अथवा कोई संदिग्ध वस्तु को राज्य में प्रवेश से पहले ही पकड़ा जा सके। आरएसी के तीनों नाकों पर जाब्ते का थाने से एएसआई मालचंद योगी को प्रभारी लगाया गया है। 12 अक्टूबर की रात को रावलामंडी थाना क्षेत्र के एरिया 2-5 केएनएम में 7.750 किलोग्राम आरडीएक्स, 2 पिस्टल, 4 मैग्जीन और 867 कारतूस का जखीरा बरामद किया गया। यहां से दो आरोपियों-जालंधर निवासी सुखविंद्र सिंह तथा फिरोजपुर निवासी लखविंद्र सिंह को गिरफ्तार किया गया।

डूंगरपुर में दो युवकों का अपहरण करने के दो आरोपी गिरफ्तार

महिला से अफेयर के शक में की वारदात, कार और वीडियो जब्त

- **पीडित के पिता ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दी थी कि उनके बेटे के पैर में चोट लगी थी और खून निकल रहा था। इस पर वह एक पडोसी युवक को साथ लेकर जिला अस्पताल में पट्टी करवाने पहुंचे थे।इसी दौरान अस्पताल की इमरजेंसी के बाहर 2.3 लोगों ने दोनों युवकों के साथ मारपीट शुरू कर दी**

डूंगरपुर। जिला अस्पताल की इमरजेंसी के बाहर से दो युवकों का अपहरण कर काकरादरा के जंगलों में ले जाकर नग्न कर अमानवीय यातनाएं देने और वीडियो बनाने के सनसनीखेज मामले में पुलिस ने फरार चल रहे दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल कार भी जब्त की है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि एक महिला से अवैध संबंध होने के शक में बदला लेने के लिए इस पूरी वारदात को अंजाम दिया गया था। मामले में अब तक चार आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं।

अवैध संबंधों के शक में रची थी अपहरण की साजिश: कोतवाली थानाधिकारी हिमांशु सिंह ने बताया कि आरोपियों को शक था कि एक महिला के साथ पीडति के अवैध संबंध हैं। इसी बात को लेकर बदला लेने की नीयत से उन्होंने दोनों युवकों को निशाना बनाया और अपहरण की योजना बनाई।

अस्पताल में पट्टी करवाने पहुंचे थे,तभी कार में डालकर ले गए: घटना 27 अक्टूबर की रात करीब 1० बजे की है। पीडित के पिता ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दी थी कि उनके बेटे के पैर में चोट लगी थी और खून निकल रहा था। इस पर वह एक पडोसी युवक को साथ लेकर जिला अस्पताल में पट्टी करवाने पहुंचे थे।

इसी दौरान अस्पताल की इमरजेंसी के बाहर 2.3 लोगों ने दोनों युवकों के साथ मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद उन्हें जबरन कार में डालकर अपहरण कर ले गए। घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस से शिकायत की थी।

पुलिस के अनुसार, आरोपी दोनों युवकों को काकरादरा के जंगलों में ले गएए जहां उनके साथ अमानवीय व्यवहार किया गया। आरोपियों ने युवकों को नग्न कर शारीरिक यातनाएं दीं और पूरी घटना के वीडियो भी बनाए। पुलिस जब मौके पर पहुंची, तब भी आरोपी दोनों युवकों को घेरकर उनके साथ अभद्र हरकतें करवा रहे थे और मोबाइल से वीडियो रिकॉर्ड कर रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के मोबाइल फोन से घटना से जुडे वीडियो भी बरामद किए हैं।

कोतवाली पुलिस ने मामले में पहले अर्जुन पुत्र कमलेश डामोर निवासी वागदरी और टीना पत्नी दिनेश उर्फ अविनाश निवासी भंडारिया को गिरफ्तार किया था। अब पुलिस ने टीना के पति दिनेश पुत्र सवाजी अहारी मीणा निवासी भंडारिया और रवि पुत्र मोहनलाल आमलिया मीणा निवासी बोरी को गिरफ्तार किया है। इस तरह मामले में अब तक चार आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आ चुके हैं।

स्कूटी में अचानक आग, शादी समारोह में अफरा-तफरी

भीलवाड़ा । पटेल नगर फायर स्टेशन के पीछे आयोजित एक शादी समारोह उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब वहां खड़ी एक स्कूटी में अचानक आग लग गई।

- **अग्निशमन कर्मियों के समय रहते एक बड़ा हादसा टला**
- **फायर ब्रिगेड टीम की सूझबूझ से वाहनों तक आग फैलने से रोक लिया**

गनीमत रही कि पास ही स्थित फायर स्टेशन पर तैनात अग्निशमन कर्मियों की तत्परता से समय रहते एक बड़ा हादसा टल गया। शादी समारोह के दौरान अचानक स्कूटी से धुआं और लपटें उठने लगीं। आग की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे फायर इंचार्ज वाजिद अली काजी, फायरमैन बाबूलाल और ठेका फायरमैन लक्ष्मण सिंह ने बिना समय गंवाए मुस्तैदी दिखाई। दमकल टीम ने तुरंत त्वरित कार्रवाई करते हुए कुछ ही देर में आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। फायर ब्रिगेड टीम की सूझबूझ और त्वरित एक्शन के चलते आग को आसपास खडे अन्य वाहनों और समारोह स्थल तक फैलने से रोक लिया गया । जिससे कोई बड़ी जन-धन की हानि नहीं हुई।

पैंथर ने 11 बकरियों को शिकार बनाया



पैंथर के लगातार हमले के बाद वन विभाग ने पिंजरा लगाया।

भीण्डर। भीण्डर उपखण्ड क्षेत्र के वाणियातलाई गांव में इन दिनों रात का सन्नाटा ग्रामीणों के लिए डर का सबब बन गया है। अंधेरा होते ही पशुपालकों की चिंता बढ़ जाती है और रातभर अपने मवेशियों की रखवाली करना मजबूरी बन गया है। वजह है गांव में लगातार दो रात से सक्रिय एक पैंथर, जो अब जंगल और खेतों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि आबादी के नजदीक बने बाड़ों और घरों के कमरों तक पहुंचकर बेजुबान पशुओं को अपना शिकार बना रहा है। दो दिनों में पैंथर ने 11 बकरियों को मार डाला। इस घटना ने पशुपालकों को गहरे सदमे में डाल दिया है। हालात ऐसे हैं कि ठाामीण अब अपने पशुओं को सुरक्षित रखने के लिए रातभर जागने को मजबूर हैं। वाणियातलाई गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय से महज 300 मीटर दूर मोड़ीराम रावत के मकान के पास बने बाड़े में शनिवार रात पैंथर ने हमला कर दिया। तारबंदी से सुरक्षित बाड़े में घुसकर पैंथर ने वहां बंधी छह बकरियों को अपना शिकार बना लिया। इन बकरियों में एक ऐसी बकरी भी शामिल थी, जिसने घटना से महज एक दिन पहले ही बच्चों को जन्म दिया था। मां बनने के अगले ही दिन उसकी जिंदगी का इस तरह अंत हो जाना घटना को और भी मार्मिक बना गया। रविवार सुबह जब पशुपालक मोडीलाल रावत बाड़े में पहुंचे तो वहां का दृश्य देखकर स्तब्ध रह गए। बकरियां मृत अवस्था में पड़ी थीं। एक साथ छह बकरियों की मौत से परिवार को बड़ा आर्थिक नुकसान हुआ। घटना की सूचना पर भीण्डर वन विभाग और पुलिस थाने की टीम मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल का जायजा लिया। ग्रामीणों की चिंता अभी कम भी नहीं हुई थी कि रविवार रात पैंथर ने फिर हमला कर दिया। इस बार उसने गांव के रामसिंह शक्तावत के मकान को निशाना बनाया। आबादी क्षेत्र से महज 200 मीटर दूर स्थित मकान के कमरे में रोशनदान के रास्ते प्रवेश कर पैंथर ने अंदर बंधी पांच बकरियों पर हमला कर दिया। सोमवार सुबह जब परिवार के लोग कमरे में पहुंचे तो पांचों बकरियां मृत पडी थीं। लगातार दूसरी रात हुई इस घटना ने पूरे गांव में भय का माहौल पैदा कर दिया। अब तक दो रातों में 11 बेजुबान पशुओं की जान जा चुकी है। लगातार हो रहे हमलों को गंभीरता से लेते हुए वन विभाग ने पैंथर को पकड़ने के लिए दो अलग-अलग स्थानों पर पिंजरे लगाए हैं।

सीआई के नाम एएसआई ने आरोपी से मांगे 2 लाख

उदयपुर । उदयपुर जिले के ऋषभदेव थाना क्षेत्र में शराब ठेके के सेल्समैन से एएसआई द्वारा सीआई हेमंत अहारी के नाम से 2 लाख रुपए रिश्वत मांगने का मामला सामने आया है। शिकायत पर अलसुबह ही एसीबी टीम थाने में पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। एसीबी टीम पहुंचने के बाद से एएसआई रणजीत और कांस्टेबल कैलाश मीणा थाने से गायब हैं।

एसीबी स्पेशल यूनिट के एएसपी राजीव जोशी के निर्देशन में टीम पड़ताल में जुटी है और पुलिसकर्मियों से इस संबंध में पूछताछ की जा रही हैं। सूचना मिलते ही आसपास थाना सर्कल में हडकंप मच गया। ऋषभदेव डीएसपी अर्जुन सिंह राठौड़ को भी मौके पर बुलाया गया।

एसीबी एएसपी राजीव जोशी का कहना है कि वे इस मामले की रिपोर्ट तैयार कर एसीबी मुख्यालय भेज रहे हैं। जहां से नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिसकर्मियों द्वारा ये कहा कि अगर पैसे की व्यवस्था कर दोगे तो पाबंद करके छोड़ देंगे। ऐसे में आरोपियों से पैसे देने पर सहमति बनी। आरोपियों ने फोन पर अपने एक मित्र को पैसे की व्यवस्था करने के लिए कहा। जिसके बाद ये मामला तुरंत एसीबी के पास चला गया। फिर आरोपियों का साथी तय राशि से कम रुपए लेकर थाने पहुंचा। उसके कपड़ों में ऑडियो रिकॉर्डर लगा हुआ था।थाने में पुलिसकर्मी डिमांड के अनुसार पैसे कम लाने पर नाराज हुए। उन्होंने युवक के कपड़ों में लगी ऑडियो रिकॉर्डर डिवाइस देख ली और उसे भी थाने में ही बैठा लिया। डिवाइस मिलने के बाद एएसआई और कांस्टेबल को एसीबी की भनक लग चुकी थी, ऐसे में वे एसीबी टीम के पहुंचने से पहले थाने से गायब हो गए।

गहलोत 2033 की चिंता छोड़ सेहत का ध्यान रखें : शेखावत

- **केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री बोले, 2028 में फिर भाजपा की सरकार बनेगी**
- **राजनीति में काम करने वाले प्रत्येक कार्यकर्ता को महत्वाकांक्षी होना चाहिए और मुख्यमंत्री बनने के लिए तैयार रहना चाहिए, लेकिन राजस्थान में भाजपा वर्ष 2028 में भी सरकार बनाएगी**
- **शेखावत ने बताया कि चुनावी परिणामों को लेकर पार्टी में विभिन्न स्तरों पर समीक्षा की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। जिला, संभाग और प्रदेश स्तर पर चर्चा की जा रही है।**

जोधपुर, (कासं)। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के एक बार फिर मुख्यमंत्री बनने की इच्छा जताने संबंधी बयान पर तीखा राजनीतिक तंज कसा। उन्होंने कहा कि राजनीति में काम करने वाले प्रत्येक कार्यकर्ता को महत्वाकांक्षी होना चाहिए और मुख्यमंत्री बनने के लिए तैयार रहना चाहिए, लेकिन राजस्थान में भाजपा वर्ष 2028 में भी सरकार बनाएगी। ऐसे में वर्ष 2033 की चिंता करने के बजाय गहलोत को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए।

सोमवार को जोधपुर प्रवास के दौरान मीडिया से बातचीत में शेखावत ने कहा कि गहलोत कांठोस के वरिष्ठतम नेताओं में हैं, ऐसे में उनका मुख्यमंत्री बनने की इच्छा जताना अनुचित नहीं है। हालांकि, कांठोस में मुख्यमंत्री पद को लेकर क्या निर्णय होगा, इस पर टिप्पणी करना उचित नहीं होगा।

चुनावी नतीजों पर प्रतिक्रिया देते हुए शेखावत ने कहा कि भाजपा जनता के जनादेश को शिरोधार्य करती है। डबल इंजन सरकार होने और बड़ी संख्या में जनकल्याणकारी योजनाओं एवं नीतियों के क्रियान्वयन के बावजूद अपेक्षित चुनावी परिणाम नहीं मिलना पार्टी के लिए आत्ममंथन का विषय है। सबसे महत्वपूर्ण सवाल यह है कि सरकार के कामकाज और जनकल्याणकारी योजनाओं का संदेश आखिर जनता तक प्रभावी ढंग से क्यों नहीं पहुंच पाया।

उन्होंने कहा कि भाजपा ऐसी पार्टी है, जहां जीत और हार दोनों परिस्थितियों में गंभीरता से समीक्षा करने की परंपरा रही है। पार्टी जीत के बाद भी आत्मसंतुष्ट नहीं होती और हार के बाद भी निराश होकर नहीं बैठती। प्रत्येक परिणाम को भविष्य में बेहतर काम करने के अवसर के रूप में लिया जाता है।

शेखावत ने बताया कि चुनावी परिणामों को लेकर पार्टी में विभिन्न स्तरों पर समीक्षा की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। जिला, संभाग और प्रदेश स्तर पर चर्चा की जा रही है। सभी स्तरों से प्राप्त फीडबैक के आधार पर कमियों का आकलन किया जाएगा और आगे की रणनीति तैयार होगी। पार्टी के जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं को भी इस बात पर विचार करना होगा कि सरकार की योजनाओं और नीतियों का लाभ आम लोगों तक पहुंचने के बावजूद उनके प्रति अपेक्षित जनसमर्थन क्यों नहीं बन पाया।

उन्होंने कहा कि चुनावी परिणामों को लेकर कार्यकर्ताओं के उत्साह में कोई कमी नहीं है। भाजपा संगठन के स्तर पर अपनी कमजोरियों को दूर करते हुए आगे बढ़ेगी। जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना और सरकार के कामकाज को प्रभावी ढंग से लोगों तक पहुंचाना पार्टी की प्राथमिकता रहेगी। ईवीएम और मतदाता सूची को लेकर विपक्ष की ओर से लगाए जा रहे आरोपों पर केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि जो लोग चुनाव से पहले ईवीएम, गणेश कुमार और मतदाता सूची को लेकर लगातार सवाल उठा रहे थे, अब उनसे ही सवाल पूछे जाने चाहिए। चुनावी नतीजों के बाद भी इस तरह के आरोपों को दोहराने के बजाय विपक्ष को अपने सवालों और दावों का जवाब देना चाहिए। शेखावत ने कहा कि चुनाव परिणाम सामने आने के बाद आरोपों की राजनीति करने के बजाय विपक्ष को अपने रुख और बयानों पर जवाबदेही तय करनी चाहिए।

विधायक कोठारी ने स्टाम्प ड्यूटी में राहत के लिए सीएम को पत्र लिखा

भीलवाड़ा। भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी ने प्रदेश के गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवारों को वित्तीय राहत प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर वित्तीय संस्थाओं से ऋण पर लगने वाली रजिस्ट्रेशन फीस में संशोधन करने की मांग की है। उन्होंने वित्त विभाग (कर अनुभाग) की 11 फरवरी 2026 की अधिसूचना में निर्धारित पंजीयन शुल्क पर पुनर्विचार कर इसे स्टाम्प ड्यूटी के समान करने का आग्रह किया है।

विधायक कोठारी ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में बताया कि राज्य सरकार के वित्त विभाग की 10 जुलाई 2024 की अधिसूचना के अनुसार सारिणी की स्तंभ संख्या 2में वर्णित लिखतों पर अनुसूची के क्रमांक 3 में ऋण संबंधी पंजीयन शुल्क की दरें निर्धारित थीं। ऋण पर निर्धारित प्रावधानों के अनुसार एक प्रतिशत रजिस्ट्रेशन फीस तय की गई थी, जिसमें अधिकतम शुल्क 25 हजार रुपये था। उन्होंने बताया कि 11 फरवरी 2026 को जारी नई अधिसूचना में अनुसूची संख्या-2 के क्रम संख्या-4 में एक लाख रुपये तक के ऋण पर 0.50 प्रतिशत रजिस्ट्रेशन फीस निर्धारित की गई है, जबकि इस पर देय स्टाम्प ड्यूटी 0.25 प्रतिशत है। कोठारी ने कहा कि वर्तमान व्यवस्था के कारण आमजन को मकान निर्माण, कृषि कार्य, भूमि सुधार, छोटे-मोटे कारोबार एवं अन्य आवश्यकताओं के लिए ऋण लेने में अतिरिक्त आर्थिक भार उठाना पड़ रहा है।

यूडी टैक्स बकाया होने पर तीन शोरूम सीज

- **यूडी टैक्स 2007 से बकाया चल रहे थे। इधर, नगर निगम की टीम की ओर से बकाया यूडी टैक्स वालों को नोटिस और बिल भेजा जा रहा है।निगम द्वारा सीज किया गया हीरो शो रूम पूर्व कैबिनेट मंत्री रामसिंह विश्नोई की पत्नी के नाम पर रजिस्टर्ड है**

जोधपुर, (कासं)। नगर निगम की ओर से यूडी टैक्स बकाया को लेकर नोटिस और सीज की कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी कड़ी में निगम ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए यूडी टैक्स बकाया होने पर तीन शोरूम पर सीज की कार्रवाई की गई।

इनमें एक बाइक शोरूम का 18 लाख बकाया था, जिसे सीज किया गया। हालांकि, कार्रवाई के बाद टैक्स जमा करवा दिया गया। यूडी टैक्स 2007 से बकाया चल रहे थे। इधर, नगर निगम की टीम की ओर से बकाया यूडी टैक्स वालों को नोटिस और बिल भेजा जा रहा है।

निगम द्वारा सीज किया गया हीरो शो रूम पूर्व कैबिनेट मंत्री रामसिंह विश्नोई की पत्नी और लूणी पूर्व विधायक महेंद्र विश्नोई की दादी अमरीदेवी के नाम पर रजिस्टर्ड है। इस कार्रवाई के बाद महेंद्र विश्नोई ने कहा कि ये कार्रवाई राजनीति से प्रेरित है। लूणी विधानसभा में पंचायत चुनावों में हार से सरकार बौखलाई हुई है। नगर निगम उपायुक्त रणवीर देथा ने बताया कि महिंद्रा हीरो के शोरूम संचालक अमरीदेवी का 2007 से करीब 18 लाख 82 हजार 352 रुपए का यूडी टैक्स बकाया था।

संबंधित शोरूम संचालकों को बकाया राशि जमा करवाने के लिए पूर्व में 3 से 4 बार नोटिस जारी किए गए थे। इसके बावजूद बकाया राशि जमा नहीं करवाई गई। उन्होंने बताया कि करीब एक सप्ताह पहले भी अंतिम नोटिस दिया गया था। जब बकाया राशि जमा नहीं करवाई तो नगर निगम की टीम ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए शोरूम को सीज कर दिया।

उन्होंने बताया कि इस कार्रवाई के बाद बकाया टैक्स जमा करवा दिया गया है। इसके अलावा शहर के सरदारपुरा स्थित एक ज्वेलर शोरूम जिसका 19.49 लाख और एक झालामंड पाली रोड स्थित एम्पोरियम पर कार्रवाई की गई।

जोधपुर नगर निगम की ओर से 1500 प्रॉपर्टी मालिकों को नोटिस दिया गया है। इनमें 1400 तो वे लोग है, जिन्हें 15 दिन का चेतावनी नोटिस जारी किया गया है और 100 लोगों को अंतिम तीन दिन का नोटिस भेजा गया है, ताकि समय पर यूडी टैक्स जमा करवा सके। नगर निगम ने बकाया यूडी टैक्स को लेकर अभियान शुरू कर दिया है। निगम सभी को नोटिस और बिल भेज रही है। निगम की ओर से वॉट्सएप पर भी प्रॉपर्टी मालिकों को बकाया बिल भेजकर टैक्स जमा करवाने के लिए कहा है।

कार्यालय नगर निगम, भरतपुर

क्रमांक :- न.नि.भ./विद्युत/2026-27/17771 दिनांक :- 13.11.2026

ई-निविदा सूचना-

नगर निगम, भरतपुर द्वारा विद्युत सम्बन्धित कार्य कराये जाने हेतु उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ऑनलाईन निविदा समय सांय 6.00 बजे तक दिनांक 20.11.2026 से 02.12.2026 तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की महत्वपूर्ण शर्ते एवं विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in एवं ://eproc.rajasthan.gov.in/ पर देखा जा सकता है। कार्य की अनुमानित लागत 199.57 लाख रू0 है।

UBN Number:-
DLB2627WSOB24820

आयुक्त
नगर निगम, भरतपुर

राज.संवाद/सी/26/13564

कार्यालय नगर पालिका,जैतारण (ब्यावर)

क्रमांक/नपाजै/विकास/ईनिविदा/2026/3548 दिनांक :-18.11.2026

:: ई-निविदा सूचना ::
(NIB NO. DLB2627A9840)

नगर पालिका जैतारण की ओर से नगर पालिका जैतारण एवं राजकीय विभाग मे नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी मे पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र मे ई- प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया ऑनलाईन निविदाएं आंमत्रित की जाती है। नगर पालिका क्षैत्र के कुल 01 कार्य अनुमानित लागत 75.22 (लाख) रू की निविदा बेचे जानी प्रारम्भ की दिनांक 20.11.2026 एवं 10.12.2026 प्राप्त करने की दिनांक निविदा शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट www.eproc.rajashtan.gov.in एवं www.sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती है ।

राज.संवाद/सी/26/13580 अध्यक्ष अधिशाषी अधिकारी

AJMER VIDYUT VITRAN NIGAM LIMITED
Corporate Identification Number (CIN) – U40109RJ2000SGC016482 (Regd. Office: Vidyut Bhawan, Panchsheel Nagar, Makarwali Road, Ajmer-305004) Office of The Superintending Engineer (MM) Vidyut Bhawan, Panchsheel Nagar, Makarwali Road, Ajmer-305004)

SHORT TERM "E" TENDRING INVITING TENDER NOTICE

"E"- TENDERING ARE INVITED FOR EHV GRADE TYPE-II TRANSFORMER OIL TN-2155, EMD and date of uploading /opening of tender and G.C.C. etc WILL be available at web site www.avvnl.com & http://www.shpp.rajasthan.gov.in or http://www.eproc.rajasthan.gov.in/nicgep/app.

Superintending Engineer (MM)
AVVNL, Ajmer

Raj.Samwad/C/26/13528

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर
3अविप्रा
टोडरमल लेन, सिविल लाईन्स, अजमेर, Email :- ajmerada@gmail.com, Website :- www.rajasthan.gov.in/ada, Tel.No. :- 0145-2627748-2627749

क्रमांक :- अविप्रा/प.2/तकनीकी/2026-27/राजकाज 25546164 दिनांक :- 23/11/2026

ई-निविदा सूचना संख्या 36-37/2026-27

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर की ओर से विभिन्न कार्यो अनुमानित लागत राशि 1423.92 लाख की ई-निविदा 36 क्रम संख्या (1) दिनांक 17.12.2026, क्रम संख्या (2-4) दिनांक 07.12.2026 एवं ई-निविदा 37 क्रम संख्या (1) दिनांक 11.12.2026 प्रातः 11 बजे, कम संख्या (2) दिनांक 07.12.2026 सांय 06:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.raj.nic.in http://www.urban.rajasthan.gov.in/ada पर देखा जा सकता है।

NIT 36 UBN : AJD2627WSOB00190 - 00192, AJD2627SSOB00193
NIT 37 UBN : AJD2627WLOB00194, AJD2627WSOB00195

राज.संवाद/सी/26/13532 अधिशाषी अभियन्ता

Government College Nadauti (Karauli)

Date 18-11-2026

NOTICE INVITING BIDS
UBN NO: Goods/2026-27/0090/015

Bids for COMMISSIONING OF SMART CLASS GOVT COLLEGE NADAUTI are invited from interested bidders up to 27-11-2026 05:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://shpp.rajasthan.gov.in) of the state and respective department's website. The approximate value of procurement is INR 19,60,000.00

Thanking you
Yours faithfully
Dr. Ballu Ram Meena
Principal
Govt College Nadauti
College Education Department, Jaipur
Email- govtcollegenadauti@gmail.com
Contact No. 8094871193

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
नादौती जिला-करौली

DIPR/C/18557/2026

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
जन स्वा. अभि. विभाग वृत-दौसा

Address:-khan bhakri Road Dausa, Email ID-se.dau.phed@rajasthan.gov.in
SE Dausa /DIPR/NIT-19-20/2026-27/5842-52 Date:-17/11/2026

निविदा संख्या 19 से 20/2026-27 संशोधन आदेश

इस कार्यालय के पत्रांक 5434-40 दिनांक 14.10.2026 के द्वारा निविदा संख्या 19-20/2026-27 आमंत्रित की गई थी जिसमे इस कार्यालय के पत्रांक 5754-61 दिनांक 05.11.2026 के द्वारा संशोधन नं. 1 किया गया था, उक्त संशोधन का प्रकाशन नही होने के कारण निविदा संख्या 19 से 20/2026-27 की पूर्व मे निर्धारित तिथियों मे निम्न विवरण अनुसार संशोधन किया जाता है।

क्र. सं.	निविदा संख्या	पूर्व मे निर्धारित तिथि		संशोधित तिथि	
		निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि	तकनिकी बिड खोलने की तिथि	निविदा अपलोड की संशोधित अन्तिम तिथि	तकनिकी बिड खोलने की संशोधित तिथि
1	19-20/2026-27	23.11.2026 सॉय 6.00 बजे तक	25.11.2026 3.00 पी.एम	30.11.2026 सॉय 6.00 बजे तक	01.12.2026 3.00 पी.एम

निविदा की अन्य शर्ते निविदा प्रपत्र व पूर्व मे जारी संधोधन के अनुसार रहेगी।

NIB Code PHE2627A3164
UBN No. PHE2627WSOB06650
UBN No. PHE2627WSOB06651

अधीक्षण अभियन्ता
जन स्वा. अभि. विभाग, वृत दौसा

DIPR/C/18533/2026

पंजाब से राजस्थान ला रहे 5 करोड़ की हेरोइन जब्त

श्रीगंगानगर । राजस्थान-पंजाब बॉर्डर पर पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 5 करोड़ रुपए की हेरोइन के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में एक महिला भी शामिल है। तीनों आरोपी एक ही बाइक पर सवार होकर पंजाब से हेरोइन की खेप सप्लाई करने राजस्थान आए थे।

कार्रवाई जिला स्पेशल टीम और हिन्दुमलकोट थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से देर रात करीब 11:30 बजे की। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि पंजाब के तस्कर श्रीगंगानगर जिले में हेरोइन की सप्लाई देने आने वाले हैं। इस पर डीएसटी और हिन्दुमलकोट पुलिस ने थाना क्षेत्र के कोठा पुल के पास नाकाबंदी की। इस दौरान एक बाइक पर आ रहे तीन संदिग्धों को रोककर तलाशी ली गई, तो उनके पास से करीब आधा-आधा किलो के दो पैकेट (कुल एक किलो) हेरोइन बरामद हुई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस हेरोइन की कीमत करीब 5 करोड़ रुपए आंकी गई है।

पुलिस ने मौके से फाजिल्का (पंजाब) के शमसाबाद निवासी गुरजंट सिंह (23), शमशावाला निवासी सुखचेन उर्फ पम्मा (34) और सर्वर खुइयां (पंजाब) निवासी शिला बाई (45) को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया है। डीएसटी प्रभारी रामविलास बिश्नोई ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से कड़ी पूछताछ की जा रही है।

बूंदी में नेहरू उद्यान से पंडित नेहरू की प्रतिमा हटाने पर बवाल

पीसीसी सदस्य चर्मेश शर्मा की प्रतिमा हटाने वालों से तीखी झड़प, कांग्रेस पदाधिकारियों ने पुलिस में दी शिकायत

बूंदी (निसं)। बूंदी में नेहरू उद्यान से देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा हटाने के बाद सोमवार जोरदार हंगामा और विवाद हो गया।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य व राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नेहरू उद्यान पहुंचकर पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा हटाने वाले कर्मचारियों के समक्ष कड़ा आक्रोश जताया।शर्मा ने प्रतिमा हटाने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को को जमकर खरी खोटी सुनाई। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं की प्रतिमा हटाने वाले कर्मचारियों से तीखी झड़प हुई।



कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जेसीबी पर चढ़ कर काम रुकवाया।

- **आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने काम रुकवाने के बाद प्रतिमा हटाने वाले अधिकारियों कर्मचारियों से नेहरू प्रतिमा को हटाने का लिखित आदेश दिखाने को कहा।**

नेहरू उद्यान से प्रतिमा हटाने के बाद चर्मेश शर्मा के साथ नेहरू उद्यान पहुंचे आक्रोशित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जेसीबी पर चढ़ कर काम रुकवा दिया और विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने जेसीबी पर चढ़ कर नेहरू जी का यह अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान, पंडित नेहरू अमर रहे के जमकर नारे लगाये। इस दौरान युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव पार्षद अंकित बुलीवाल, शाहनवाज़ अंसारी, युवा कांग्रेस जिला महासचिव समीर पठान, ब्लॉक उपाध्यक्ष गुलाम यज़दानी, सत्यम वैष्णव, अरशान अली, अल्तमश रहमान आदि उपस्थित रहे। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने काम रुकवाने के बाद प्रतिमा हटाने वाले अधिकारियों कर्मचारियों से नेहरू प्रतिमा को हटाने का लिखित आदेश दिखाने को कहा। इसके बाद कर्मचारियों ने कहा कि उनके पास प्रतिमा हटाने का लिखित आदेश है। काफी देर तक कर्मचारी कि अभी आदेश मंगवा रहे हैं लेकिन दो घंटे तक कोई लिखित आदेश नहीं दिखा पाये। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित मोहनलाल नेहरू की प्रतिमा को बिना नगर परिषद की बोर्ड मीटिंग में प्रस्ताव के और बिना वैधानिक अनुमति के अवैधानिक तरीके से हटाने का मामला पुलिस में भी पहुंच गया है। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य व राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा व नगर परिषद के पार्षद अंकित बूलीवाल ने थाना कोतवाली पहुंचकर ड्यूटी ऑफिसर को लिखित शिकायत सौपते हुये इस मामले में मुकदमा दर्ज कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक व राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य चर्मेश शर्मा ने कहा कि जिस स्थान का नाम ही देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के नाम पर नेहरू उद्यान रखा गया है वहां से एक क्षण के लिए भी पं जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा कोहटानादुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि नेहरू प्रतिमा को तत्काल सेससम्मानस्थापित किया जाना चाहिये। इस मामले में तीन दिन में कार्यवाही नहीं हुयी तो उग्र आंदोलन किया जायेगा।

भारतमाला हाईवे पर दुर्घटना में सरकारी टीचर दंपती की मौत

जालोर, (कासं)। जालोर के सांचोर स्थित भारतमाला एक्सप्रेसवे पर सडक दुर्घटना में सरकारी टीचर दंपती के शव मार्ग पर पडे मिले।

पूर्व सांसद देवजी पटेल ने एक्सप्रेसवे से गुजरते समय सडक किनारे क्षत-विक्षत शव पडे देखा तो कार रुकवाई और पुलिस व एंबुलेंस को सूचना दी। सरकारी शिक्षक दम्पती मोटरसाईकिल से जा रहे थे, तभी घटना सांचौर और देवडा के बीच चौरा सरहद के पास सोमवार सवेरे करीब 11.3० बजे सामने से आ रहे वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे दोनो की मौत हो गई। मरने वालों की पहचान राजुराम बिश्नोई (43) पुत्र हेमाराम बिश्नोई और मंजू बिश्नोई (41) निवासी हेमागुडा, सांचौर के रूप में हुई है। सांचौर थानाधिकारी नाथू सिंह ने बताया कि पूर्व सांसद देवजी पटेल से घ